Greenlawns School, Worli

प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन (2020-21)

हिंदी

कक्षा :- आठवीं पूर्णांक:- ६०

दिनांक :- २८.०९.२०२० समय:- २ १/२ घंटे

प्र.१ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए- १५

१. योग के माध्यम से हम शरीर और मन दोनों को स्वस्थ कर सकते हैं, जीवन में योग की अनिवार्यता तथा उससे मिलने वाले लाभों का वर्णन करते हुए अपने विचार लिखिए|

२. कंप्यूटर तथा मोबाइल मनोरंजन के साथ-साथ हमारी जरूरत का साधन अधिक बन गए हैं। हर क्षेत्र में इनसे मिलने वाले लाभो तथा हानियों का वर्णन करते हुए अपने विचार लिखिए।

३. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, कहानी अथवा घटना लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।

प्र.२ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए :- ७

कक्षा में अनुशासनहीन व्यवहार करने के लिए अपनी प्रधानाचार्या को क्षमा प्राप्ति हेतु पत्र लिखिए। अथवा

अपने चचेरे भाई को कुसंगति छोड़ने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए।

प्र।३ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :- ८

१. निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- १. दूध २. बुद्धि १

२. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- १. सृष्टि २.ध्वंस १

३. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- १. जीने की प्रबल इच्छा २.बुराई के लिए प्रसिद्ध। १

४. निम्नलिखित मुहावरों के किसी एक का वाक्य में प्रयोग कीजिए :-१.कलेजा छलनी होना २. लाल – पीला होना। १

५.निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के भिन्न अर्थ लिखिए। १गति , २इष्ट १

६. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :- ३

१. मैंने पेड़ से आम तोड़ा। (वाक्य अपूर्ण वर्तमानकाल में बदलिए।)

२. आसमान में चिड़िया उड़ रही है। (बहुवचन में बदलिए।)

३. छात्र खेल – कूद में मस्त हैं।(लिंग बदलिए।)

साहित्य – विभाग

(निर्देश:- प्रश्न ४, ५ ,६ अनिवार्य हैं। प्रश्न ७ व ८ में से कोई एक प्रश्न करना है।)

प्र।४ निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- २

१. पुष्टि २. व्यथित ३. अदृष्ट ४.रोकड़

प्र.५ निम्नलिखत प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (है) ८

१. 'कर्ण अनुपम दानवीर था। ' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

२. भीम की हत्या करने के लिए दुर्योधन क्या किया?

३. कुंती को किससे, कौन- सा वरदान मिला था और क्यों?

४. परशुराम ने कर्ण को क्या श्राप दिया और उसका क्या परिणाम हुआ?

प्र.६ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए: १०

जिसकी अनंत धन से धरती भरी पड़ी है,
संसार का शिरोमणि, वह देश कौन सा है?
पृथ्वी निवासियों को जिसने प्रथम जगाया,
शिक्षित किया सुधारा, वह देश कौन सा है?

१. प्रस्तुत पंक्तियों का संदर्भ लिखिए। २

२. कविता से मिलने वाली सीख। २

३. प्रस्तुत पंक्तियों का भावार्थ लिखिए। ३

४. भारत देश की प्राकृतिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। ३

प्र.७ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। १०

यह मैं जानता हूं कि इन लोगों के प्राणों की रक्षा करने का कोई उपाय नहीं है। इतने बहुमूल्य प्राण लेकर भी मुझे प्रतिज्ञा पूरी करनी होगी।

१. किसकी प्रतिज्ञा पूरी करने की बात की जा रही है उनका परिचय दीजिए? २

२. कौन -सी प्रतिज्ञा पूरी करने की बात की जा रही है? प्रतिज्ञा किस प्रकार पूरी करने की योजना बनाई गई थी? २

३. किन के प्राणों को बहुमूल्य कहा गया है और क्यों? उनके प्राणों की रक्षा करने का कोई उपाय क्यों नहीं है? ३

४. प्रतिज्ञा क्यों की गई थी ? विस्तारपूर्वक समझाकर लिखिए और पाठ से आपको क्या प्रेरणा मिली ? ३

अथवा

प्र। ८ "तुम इसके अपराधी नहीं हो।तुम मुक्त है।" १०

१. यह कथन किसके विषय में कहा गया है? उसका चरित्र -चित्रण कीजिए। २

२. किसके द्वारा कौन- से अपराध के निर्णय लिया जा रहा है और क्यों? २

३. 'तुम मुक्त हो। ' यह निर्णय सुनने सुनाते समय वक्ता ने क्या स्पष्टीकरण दिया? पाठ के आधार पर विस्तारपूर्वक लिखिए।३

४. पाठ के द्वारा वर्तमान समाज की कौन- सी समस्या को हमारे समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है?इस पाठ से आपने क्या सीखा? ३

---------- समाप्त----------